# University in News on 18 May 2021

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## लविवि : कोविड वैक्सीनेशन के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे छात्र

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के छात्र एवं अध्यापकों ने कोविड-19 के विरुद्ध लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करने का अभियान शुरू किया है। संकाय के अधिकांश विद्यार्थियों ने कोविड वैक्सीन की पहली डोज ले ली है या इसके लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया है। इतना ही नहीं छात्र अपने सभी परिवारीजनों के साथ-साथ अपने आसपास के लोगों को भी टीकाकरण के लिए प्रेरित कर रहे हैं। डीन प्रो. सीपी सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थी लखनऊ विश्वविद्यालय मूट कोर्ट एसोसिएशन के माध्यम से भी जागरूकता अभियान चला रहे हैं। एसोसिएशन ने लोगो की कोविड से संबंधित समस्याओं के निदान के लिए मिशन 'लखनऊ यूनिवर्सिटी लॉ इंस्पायरिंग टीकाकरण' भी शुरू किया है, जिसमें लोगों को ऑनलाइन वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कोविड से संबंधित किसी भी प्रश्न के जवाब के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय मूट कोर्ट एसोसिएशन की मेल mcc.lucknowuniv@gmail.com पर भी संपर्क कर सकते हैं। साथ ही लखनऊ विश्वविद्यालय मूट कोर्ट एसोसिएशन के सोशल मीडिया पेज Lucknow University Moot Court Association (फेसबुक) एवं lumootcourtassociation (इंस्टाग्राम) पर भी लोगों के सवालों के जवाब दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही एसोसिएशन के सदस्य निशांत वीर सिंह 8181838340, अमृत सिंह 8948054412 व सौरभ सिंह के मोबाइल नंबर पर 8574433738 पर भी कोविड वैक्सीनेशन से संबंधित प्रश्नों को पूछ सकते हैं या अपनी समस्या को व्हाट्सएप भी कर सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)



**HINDUSTAN PAGE 6**

## विधि संकाय के छात्र फैला रहे जागरूकता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के छात्रों एवं अध्यापकों द्वारा कोविड के विरुद्ध सजग टीकाकरण कराया जा रहा है। विधि संकाय के अभी तक सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने कोविड वैक्सीन की पहली डोज लगवा ली है। विधि संकाय के प्रमुख एवं संकायाध्यक्ष प्रोफेसर सी.पी. सिंह ने बताया कि छात्रों को जागरूक किया जा रहा है। छात्र निशांत वीर सिंह ने कहा कि हम लोग छात्रों को व्यक्तिगत रूप से कॉल और मैसेज कर वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। लोगों से अपील भी कर रहे हैं।

**VISHWAVARTA PAGE 4**

## यूजी और पीजी में दाखिले के लिए आवेदन 31 तक

» डिप्लोमा व अन्य कोर्सों के लिए 15 जून तक आवेदन



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक, स्नातकोत्तर , स्नातक प्रबंधन , स्नातकोत्तर प्रबन्धन पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया अभी चल रही है। अंतिम तिथि 31 मई है। स्नातक में अभी तक लगभग 16300 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। डिप्लोमा, पी जी डिप्लोमा, सर्टिफिकेट, प्रोफिसिएंसी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भी ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जा चुके हैं। आवेदन की अन्तिम तिथि 15 जून है। दावा है कि लविवि प्रदेश में 2021-22 की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने वाला राज्य का प्रथम विश्वविद्यालय है जिसके लगभग 32 हज़ार आवेदन प्राप्त किये जा चुके हैं जो बीते वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 32 फ़ीसदी ज्यादा है। लविवि ने मार्च महीने में अपनी प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी थी।

**पीएचडी के लिए हो सकती है ऑनलाइन परीक्षाः** करोना महामारी के चलते लखनऊ विश्वविद्यालय केन्द्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया के तहत पीएचडी दाखिले के लिए ऑफलाइन की जगह ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा आयोजित कर सकता है। सत्र 2020-21 के पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई को समाप्त हो गई।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार अंतिम तिथि 15 मई तक पीएचडी दाखिले के लिए 4302 आवेदन प्राप्त हुए हैं। लविवि ने पहली बार पार्ट टाइम पीएचडी पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन भी आमंत्रित किया था। प्रदेश के किसी अन्य विश्वविद्यायल में पार्ट टाइम पीएचडी प्रोग्राम नहीं है। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक आवेदन रेगुलर पीएचडी पाठ्यक्रम में कॉमर्स विषय में आये हैं, जबकि पार्टटाइम पीएचडी में सबसे अधिक आवेदन शिक्षा शास्त्र विषय में आये हैं। महामारी को ध्यान में रखकर होगा फैसलाः पीएचडी पाठ्यक्रम के लिए ऑफलाइन प्रवेश परीक्षा जून में संभावित है, लेकिन प्रवेश परीक्षा की तिथि और उसके मोड को लेकर फैसला कोरोना महामारी की स्थिति को देखते हुए लिया जाएगा।